Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में सोमवार
सायं 6:04 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सुबह 6:47 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 15 अंक 216 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | सोमवार, 19 फरवरी 2024

जब इरफान से पहली बार मिले...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक फंदे पर झूलता मिला


**रुद्रपुर।** चौकी आदर्श कालोनी क्षेत्र में एक युवक घर में ही पंखे के कुंडे में लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक सिडकुल की कंपनी में काम करता था और वह अपने पिता के साथ रहता। मृतक मूल रूप से जनपद नैनीताल के ओखलकांडा क्षेत्र नरखोरा निवासी 30 गोधन सिंह पुत्र कुंदन सिंह का पिता ड्यूटी पर गए थे। वह कमरे में अकेला था। सोमवार को पिता वहां पहुंचा तो पुत्र फंदे से लटका मिला। उसके होश उड़ गए। एसएसआई कमाल हसन ने बताया कि सूचना पर बाजार पुलिस चौकी प्रभारी पंकज महर मौके पर पहुंचे और उन्होंने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### अब मालिकों की मर्जी बिना नहीं बदलेगा नक्शा

**देहरादून।** हाउसिंग प्रोजेक्टों के निर्माण के दौरान बिल्डर मनमानी करते हुए नक्शे में बदलाव कर रहे हैं। इस संबंध में शासन ने प्राधिकरणों को चेताया कि बिना सहमति संशोधन की अनुमति न दी जाए। बिल्डर किसी भी हाउसिंग प्रोजेक्ट का नक्शा दो तिहाई मालिकों (आवंटियों) की मर्जी के बिना नहीं बदल सकेगा। शासन ने सभी विकास प्राधिकरणों को इस संबंध में पत्र भेजकर चेताया है। ये भी स्पष्ट कर दिया कि पांच वर्ष पूरे होने के बाद नक्शे की अवधि को एक-एक साल के लिए अधिकतम तीन बार ही बढ़ाया जा सकेगा। प्रदेशभर से शासन को ये शिकायत मिल रही थी कि हाउसिंग प्रोजेक्टों के निर्माण के दौरान बिल्डर मनमानी करते हुए नक्शे में बदलाव कर रहे हैं। आवास विभाग ने सभी जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण, एमडीडीए, एचआरडीए, उडा, सीडा, उत्तराखंड आवास एवं विकास परिषद, टाउन प्लानिंग विभाग को एक निर्देश जारी किए हैं।

# तीसरी बार चारों धामों में बर्फबारी, मौसम वैज्ञानिक चिंतित

**देहरादून**
**हमारे संवाददाता**



प्रदेश में मौसम के बदलते मिजाज और जलवायु परिवर्तन का सीधा असर तापमान पर पड़ रहा है। यही वजह रही कि साल में तीसरी बार रविवार को चारों धामों समेत ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी होने के बावजूद भी तापमान में गिरावट दर्ज नहीं हुई। उधर, मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि आने वाले दस साल में सामान्य तापमान में 0.5 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हो सकती है, जो चिंता का विषय है। उत्तराखंड के पर्वतीय जिलों में आज सोमवार को भी बर्फबारी के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से बारिश-बर्फबारी का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिले में 3500 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बिजली चमकने और ओलावृष्टि के साथ भारी बर्फबारी की संभावना है। जबकि, इन जिलों के कुछ क्षेत्रों में तेज बारिश होने के भी आसार हैं। इस साल फरवरी के शुरुआत में साल की पहली और पांच फरवरी को दूसरी बार बारिश-बर्फबारी हुई थी। इसके बाद रविवार को पर्वतीय जिलों में कहीं-कहीं हल्की बारिश के तीसरी बार बर्फबारी हुई। पहली-दूसरी बारिश-बर्फबारी से मैदानी इलाकों में अधिकतम तापमान में कमी दर्ज की गई थी। लेकिन, तीसरी बार हुई बर्फबारी से मैदानी इलाकों के तापमान में कोई खास असर नहीं पड़ा। यही वजह रही कि मैदानी इलाकों में ठंड का कम अहसास हुआ। राजधानी दून के तापमान की बात करें तो जिले का अधिकतम तापमान 23.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य है। जबकि रात का न्यूनतम तापमान एक डिग्री इजाफे के साथ 10.8 डिग्री सेल्सियस रहा। ऐसे ही पंतनगर का अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य रहा। मुक्तेश्वर के अधिकतम तापमान में पांच और न्यूनतम तापमान में दो डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की गई, जिससे दिन का तापमान 17.5 और रात का 4.3 डिग्री सेल्सियस रहा। सिर्फ नई टिहरी का अधिकतम तापमान एक डिग्री कमी के साथ 15.2 डिग्री सेल्सियस रहा। हालांकि, रात का न्यूनतम तापमान यहां के भी सामान्य से दो डिग्री सेल्सियस इजाफे के साथ 6.2 डिग्री रहा। मौसम वैज्ञानिक तापमान में बढ़ोतरी का मुख्य कारण बारिश न होना भी मान रहे हैं।

**किसान बोल- दिल्ली में दूध-सब्जी तक कर देंगे बंद**

# आंदोलनः अध्यादेश पर अड़े किसान महापंचायत में बड़ी लड़ाई का ऐलान

**नई दिल्ली**
**एजेंसी**



फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी और कर्ज माफी समेत 12 मांगों को लेकर दिल्ली कूच के लिए निकले किसान अध्यादेश पर अड़ गए हैं। रविवार को चंडीगढ़ में सरकार के साथ देर शाम करीब सवा आठ बजे शुरू हुई चौथे दौर की वार्ता में किसान संगठनों ने स्पष्ट कर दिया है कि एमएसपी की कानूनी गारंटी के लिए केंद्र अध्यादेश लेकर लाए। वह इससे कम किसी बात पर नहीं मानेंगे।

करीब दो घंटे देरी से शुरू हुई बैठक में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, पीयूष गोयल और नित्यानंद राय के साथ पंजाब के सीएम भगवंत मान और कृषि मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां भी शामिल हुए। दूसरी ओर, कुरुक्षेत्र के ब्रह्मसरोवर पर हुई हरियाणा के किसान नेताओं, खापों और अन्य संगठनों की बैठक में फैसला लिया गया है कि यदि केंद्रीय मंत्रियों के साथ पंजाब के किसान संगठनों की वार्ता असफल रही तो हरियाणा के किसान संगठन और खाप पंचायतें आंदोलन में शामिल होंगी। भाकियू (चढ़ूनी) ने ब्रह्मसरोवर पर बुलाई महापंचायत में तय किया कि हरियाणा की ओर से गुरनाम सिंह चढ़ूनी आंदोलन का नेतृत्व करेंगे। इसके अलावा दिल्ली की खापों और किसानों के साथ आंदोलन की रणनीति धनखड़ खाप के प्रधान डॉ. ओमप्रकाश धनखड़ की अगुवाई में चार सदस्यीय कमेटी बनाएगी। महापंचायत के बाद गुरनाम चढ़ूनी और सर्वखाप पंचायत के समन्वयक डॉ. ओमप्रकाश धनखड़ ने संयुक्त रूप से बताया कि सभी संगठनों के प्रतिनिधियों का वाट्सअप ग्रुप बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि रविवार देर शाम होने वाली वार्ता विफल होने पर आंदोलन के लिए पूरे प्रदेश में कॉल की जाएगी, जिसके बाद दिल्ली कूच किया जाएगा। सरकार ने ट्रैक्टर लेकर दिल्ली नहीं जाने दिया तो दिल्ली के ही किसानों के साथ मिलकर दिल्ली को घेराव किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शंभू बार्डर पर आंदोलनरत किसानों ने उन्हें बुलाया नहीं किया, लेकिन इससे उन्हें फर्क नहीं पड़ता। महापंचायत में विभिन्न किसान संगठनों के अलावा, धनखड़, कादियान और हुड्डा खापों के साथ-साथ विभिन्न संगठन भी शामिल हुए।

# लोनिवि कर्मचारियों ने पेंशन की मांग को धरना दिया

**हल्द्वानी**
**हमारे संवाददाता**

लोक निर्माण विभाग के नियमित वर्कचार्ज कर्मचारी संघ ने पेंशन दिये जाने की मांग को लेकर नारेबाजी की और धरना दिया। संघ से जुड़े कर्मचारियों ने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सोमवार को तिकोनिया लोनिवि कार्यालय में धरना दिया। धरने में डिवीजन के करीब 150 कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि वर्कचार्ज कर्मचारियों के विरोध में शासनादेश जो विधिमान्यकरण निकाला गया है उसे शीघ्र निरस्तारित कर उच्चतम न्यायालय के वर्ष 2019 को दिये गये फैसले का पालन करते हुए वर्कचार्ज की सेवा जोड़ते हुए पात्र कर्मचारियों को पेंशन का लाभ दिया जाए। उन्होंने वर्कचार्ज से नियमित हुए सेवानिवृत्त व कार्यरत नियमित तथा वर्कचार्ज कर्मचारियों से की जा रही कटौतियों को बंद करने, मंत्रिमंडल की गठित उपसमिति के सम्मुख नियमित व यांत्रिक कर्मचारियों का पक्ष रखने हेतु वर्कचार्ज कर्मचारी संघ लोनिवि को भी समय दिया जाए। संघ पदाधिकारियों ने बताया कि प्रदेश भर के डिवीजनों में सात हजार से अधिक कर्मचारियों ने आज धरना दिया। लोनिवि कर्मचारियों के साथ चालक संघ भी शामिल है।

**मांग**
- धरने में डिवीजन के करीब 150 कर्मचारियों ने हिस्सा लिया
- प्रदेश भर के डिवीजनों में सात हजार से अधिक कर्मचारियों ने दिया धरना



# मार्निंग वॉक निकले वृद्ध को वाहन ने रौंदा, मौत

**रुद्रपुर**
**हमारे संवाददाता**



मृतक की फाइल फोटो

सोमवार को सुबह को मार्निंग वॉक पर निकले वृद्ध को अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। घटना के बाद आरोपी चालक मय वाहन के मौके से भाग गया। घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। परिवार के लोग भी पहुंच गए। घटना थाना दिनेशपुर क्षेत्र की है। बताया जा रहा है कि 66 वर्षीय भीम सिंह पुत्र गंगा सिंह निवासी जयनगर कृष्ण होम रोजाना की तरह आज भी सुबह 5 बजे मार्निंग वॉक पर निकले। इसी बीच उन्हें अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और उन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष अनिल जोशी ने बताया कि वाहन चालक मौके से मय वाहन के भागने में सफल हो गया। घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। तहरीर मिलने पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाएगा। परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के एक बेटा और एक बेटी है।

# ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी: 14 हजार निवेश परियोजनाओं का शुभारंभ

**लखनऊ**
**एजेंसी**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज लखनऊ में आयोजित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में 10 लाख करोड़ रुपये की 14 हजार निवेश परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे। इसके लिए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इससे 34 लाख लोगों को रोजगार मिलेगा, जो यूपी को 10 खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के सीएम योगी आदित्यनाथ के सपने को पूरा करने की दिशा में एक अहम पड़ाव होगा। कार्यक्रम का आयोजन लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में किया जाएगा। प्रदेश के मुख्य सचिव गृह संजय प्रसाद ने कहा कि ये ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी बीते सात वर्षों में प्रदेश में जो इंफ्रास्ट्रक्चर और मानव पूंजी में निवेश किया गया है उसका परिणाम है। इस आयोजन में 10 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शुभारंभ किया जाएगा जिससे बड़ी संख्या में रोजगार पैदा होगा। उन्होंने कहा कि यूपी अब देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और देश का ग्रोथ इंजन बन चुका है।

यह योगी सरकार का चौथा भूमि पूजन समारोह है। इसके पहले तीन जीबीसी में 2.10 लाख करोड़ से ज्यादा का निवेश धरातल पर उतारा गया है। सर्वाधिक निवेश परियोजनाओं का शुभारंभ इसी में होगा। प्रदेश के सभी हिस्सों व जिलों में ये निवेश होगा। सर्वाधिक 52 प्रतिशत निवेश परियोजनाओं की शुरुआत पश्चिमांचल में होगी। इसके बाद पूर्वांचल में 29, मध्यांचल में 14 और बुंदेलखंड में 5 प्रतिशत निवेश परियोजनाओं को धरातल पर उतारा जाएगा। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान से परियोजनाओं का शुभकामनाएं करेंगे। पीएम मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और अन्य गणमान्य महानुभाव के साथ वहां लगी प्रदर्शनी का भी अवलोकन करेंगे।

**ये हैं मुख्य मेहमान**
- हिंदुजा ग्रुप के चेयरमैन धीरज हिंदुजा
- सैमसंग साउथ वेस्ट एशिया के सीईओ जेपी पार्क
- आईएनजीकए के सीईओ सुसैन पल्वरर
- टोरेंट ग्रुप के एमडी जीनल मेहता
- एडवर्ब टेक्नोलॉजीज के चेयरमैन जलज मेहता
- सीएम योगी यूपी में उद्योगों के अनुरूप भविष्य की योजनाओं पर अपनी बात रखेंगे।
- लखनऊ से सांसद राजनाथ सिंह का संबोधन।
- पीएम को प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर आधारित एक शॉर्ट फिल्म भी दिखाई जाएगी।

# भाजपा मंडल नैनीताल की लाभार्थी संपर्क अभियान कार्यशाला

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

भारतीय जनता पार्टी मंडल नैनीताल द्वारा रविवार को नैनीताल क्लब में लाभार्थी सम्पर्क अभियान कार्यशाला का विशेष आयोजन किया गया। मंडल अध्यक्ष आनन्द सिंह बिष्ट की अध्यक्षता में आयोजित लाभार्थी कार्यशाला में मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व प्रदेश महामंत्री गजराज सिंह बिष्ट थे। इस दौरान बिष्ट ने बताया कि लाभार्थी संपर्क अभियान का उद्देश्य केन्द्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों से कार्यकर्ताओं द्वारा व्यक्तिगत रूप से संपर्क करना है। कहा कि यह कार्यक्रम प्रत्येक बूथ पर 1 मार्च (शुक्रवार) से 5 मार्च (मंगलवार) तक यह चलाया जाएगा। बिष्ट के मुताबिक इस कार्यक्रम के तहत घर- घर लाभार्थियों से संपर्क करना एवं पत्रक देना तथा घर पर स्टीकर लगाना, लाभार्थियों के फ ोन से मिस कॉल नंबर पर मिस कॉल कराना, लाभार्थी के साथ फोटो एवं उसके अनुभव को वीडियो सोशल मीडिया



नमो एप सरल ऐप पर अपलोड करना है। कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को इस अभियान को प्रदेश द्वारा निर्धारित तिथियां के अनुसार पांच दिन में पूर्ण करना होगा। कार्यशाला में जिला सह संयोजक नमो ऐप रत्नेश साह ने बताया कि इस कार्यक्रम को आवश्यक रूप से सरल एवं नमो एप का उपयोग, कार्यकर्ता नियमित रूप से अभियान के दौरान आयोजित कार्यक्रम की फ ोटो सरल और नमो एप पर अपलोड करें। कहा कि मंडल में इस कार्यकम की संयोजक तारा राणा जबकि सह संयोजक भूपेंद्र सिंह बिष्ट व नीतू जोशी को बनाया गया है। कार्यशाला में मंडल पधाधिकारियों के साथ ही विमला अधिकारी, रीना मेहरा, अरविन्द सिंह पडियार, गजाला कमाल, मीनू बुधलाकोटी, कविता गंगोला, मनोज जोशी, संतोष कुमार, विक्रम सिंह रावत, डा. मोहित सिंह रौतेला, नितिन कार्की, सुरेश उप्रेती, पान सिंह खनी, विकाश जोशी, मनोज कुमार, चंदर सिंह, हेम बहुखंडी, मोहम्मद मोहसिन, मोहम्मद आसिफ , अमन चंद्र,नीतू जोशी, भारती कैड़ा,लता दफौटी, प्रेम सागर, शिरीष चंद्र, लाल सिंह बिष्ट, तुसी साह, कनिका रावत राणा, नीमा अधिकारी, ज्योति गोस्वामी, हंसी रावत, मीरा बिष्ट, रेनू पंत, हेमलता पांडे, दीपिका बिनवाल, तारा बोरा, शैलेंद्र सिंह बिष्ट, अमिताभ साह, रितुल कुमार, पार्थ साह, चंदन सिंह चामियाल, चंदन सिंह कनवाल, दीप चंद्र भट्ट, वीरेंद्र आर्या, आनंद कुमार, कृपाल सिंह बिष्ट, पूरन सिंह बिष्ट, महेश अधिकारी, प्रकाश चंद्र आर्या, विक्रम सिंह राठौर, रोहित भाटिया, संजय चंदेल,फैसल खान तथा नवीन जोशी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**आयोजन**

- सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों से कार्यकर्ताओं को व्यक्तिगत रूप से मिलना होगा

## सरकारी तौर पर नहीं काटे पेड़, तो जिम्मेदार कौन



**नैनीताल।** समाजसेवी हेमंत गोनिया ने राज्यपाल से भुजियाघाट चौराहे से जाने वाले पैदल मार्ग को लेकर शिकायत की थी जिस पर राज्यपाल ने जांच के आदेश दिए थे। जिसकी वन संरक्षक कुमाऊं जांच कर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि 17 फरवरी को नैनीताल रोड भुजियाघाट चौराहे से पैदल मार्ग पर चार खाल खोदी गई है। इसका पैसा 2019-20 में स्वीकृत हो चुका है। तब यह चाल खाल नहीं बनाई गई थी अब इसकी जांच उच्चाधिकारी करेंगे। चाल खाल खोदी गई है वहीं दो पेड़ भी काटे गए है जो कि सरकारी तौर पर नहीं काटे गए है। इन पेड़ों को जंगल माफिया द्वारा काटे गए है विभाग से मिलकर ग्रामीणों की सूचना पर समाजसेवी हेमंत गोनिया पहुंचे। उन्होंने कहा कि मामले पर अधिकारी मौके पर जाकर निरीक्षण नहीं कर रहें है।



## नशे में धुत दो युवकों को हंगामा काटने पर पुलिस ने मौके से गिरफ्तार किया

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

जिला मुख्यालय नैनीताल में शनिवार की आधी रात को तल्लीताल स्थित टोल के पास बने शौचालय के सामने हंगामा काटते हुए दो युवकों को पुलिस ने मौके पर पहुंचकर गिरफ्तार कर लिया। उसके बाद पुलिस ने 151/107 तथा 116 सीआरपीसी में मुकदमा दर्ज कर रविवार को सिटी मजिस्ट्रेट के सामने किया पेश किया।

तल्लीताल थाने के थाना प्रभारी रमेश सिंह बोहरा तथा हैड कांस्टेबल व चीता मोबाईल शिव राज सिंह राणा के मुताबिक शनिवार की रात को टोल के पास बने शौचालय के पास नशे की हालत में दो युवक रोहिताश सरन उर्फ रजत पता माउंट रोज कंपाउंड तल्लीताल तथा दूसरा यशराज उर्फ पिंचू निवासी माउंट रोज कंपाउंड तल्लीताल दोनो ही नशे की हालत में हंगामा काट कर लोक शांति भंग कर रहे थे जिनको पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर रविवार को सिटी मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया।

## कुमाऊं विवि को 100 करोड़ रुपए अनुदान पर जताया आभार

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री एवं नैनीताल ऊधमसिंहनगर लोक सभा क्षेत्र के सांसद अजय भट्ट ने बहु विषयक शिक्षा एवं अनुसंधान विश्वविद्यालय भारत सरकार द्वारा कुमाऊं विश्व विद्यालय को 100 करोड़ रुपए का अनुदान देने पर खुशी व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के साथ ही उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व केंद्र सरकार का विशेष आभार जताया है।

भट्ट ने कहा कि इस अनुदान से कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल को नई शिक्षा नीति के तहत नए विषयों जिनमें आपदा प्रबंधन, शहरी विकास तथा उद्यमिता विकास, उद्यमिता केंद्र आदि 9 विषयों को शुरू करने व आधारभूत ढांचा बनाने में मदद मिलेगी साथ ही इस अनुदान से कुमाऊं विश्व विद्यालय को नई पहचान मिलेगी।

उन्होंने कुमाऊं विश्व विद्यालय के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत के नेतृत्व में इस अनुदान को प्राप्त करने हेतु बहु विषयक शिक्षा और अनुसंधान



विश्वविद्यालय के समक्ष दिए गए मॉडल प्रस्तावों के प्रजेंटेशन की सराहना की, जिसके आधार पर कुमाऊं विश्व विद्यालय को यह अनुदान मिला है।

भट्ट ने कुमाऊं विश्वविद्यालय को 100 करोड रुपए के अनुदान के लिए चयनित करने पर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार जताया है। भट्ट ने बताया कि 20 फ रवरी (मंगलवार) को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन परियोजनाओं का शुभारम्भ करेंगे।

## NEWS / फटाफट

### इंटर हाउस प्रतियोगिता का आयोजन किया



**नैनीताल** । नैंसी कॉलेज आफ नर्सिंग ज्योलीकोट में बीएससी नर्सिंग चतुर्थ सेमेस्टर की छात्राओं द्वारा इंटर हाउस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इससे पूर्व संस्थान की चेयरपर्सन मंजू सिंह एवं निदेशक संजय कुमार सिंह ने प्रतियोगिता का द्वीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। बता दें कि प्रतियोगिता का मुख्य मकसद सामाजिक जागरूकता को बढ़ाना था, जिसके तहत प्रतियोगिता में छात्राओं द्वारा दुष्कर्म, भ्रूण हत्या तथा बेटी बचाओ तथा बेटी पढ़ाओं जैसी कई कार्यक्रमों में प्रकाश डाला गया। अंत में संस्थान के निदेशक संजय कुमार सिंह ने छात्राओं का उत्साह बढ़ाया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### 24 को राज्य की सभी विधानसभा क्षेत्रों में वर्चुअल माध्यम से संवाद कार्यक्रम

**नैनीताल।** मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन देहरादून द्वारा निर्देशित किया गया है कि प्रधानमंत्री कार्यालय- मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त सूचना के अनुसार दिनांक 24 फरवरी को राज्य की सभी विधानसभा क्षेत्रों में विकसित भारत संकल्प यात्रा के सम्बंध में वर्चुअल माध्यम से संवाद और सम्बोधन कार्यक्रम आयोजन किया जाना है । इसी क्रम में जिलाधिकारी वंदना सिंह बताया कि जिले की 6 विधानसभाओं में उक्त कार्यक्रम सम्पन्न कराने हेतु उप जिलाधिकारी राहुल शाह को रामनगर, उप जिलाधिकारी रेखा कोहली को कालाढूंगी, सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह को हल्द्वानी, उप जिलाधिकारी पारितोष वर्मा को लालकुआं, उप जिलाधिकारी कैलाश नाथ गोस्वामी को भीमताल, उप जिलाधिकारी प्रमोद कुमार को नैनीताल विधानसभा का नोडल अधिकारी नामित किया गया है। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि सभी नामित नोडल अधिकारी सम्बंधित विधान सभा के विधायक से सम्पर्क कर दिनांक 24.2.2024 को आयोजित होने वाले कार्यक्रम हेतु स्थल चिन्हित कर, कार्यस्थल पर भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित व्यक्तियों को मैदानी क्षेत्रों से 4000 से 5000, जबकि पर्वतीय क्षेत्रों से 1500 से 2000 की संख्या में) आमंत्रित किए जाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

-संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
**आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558**
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

## धूमधाम से मनाया ग्लोबल एकेडेमी अलचौना चांफी का वार्षिकोत्सव

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

जिले के भीमताल ब्लॉक में स्थित ग्लोबल एकेडेमी अलचौना चांफी का वार्षिकोत्सव समारोह रविवार को धूमधाम से मनाया गया।

इससे पूर्व मुख्य अतिथि भीमताल ब्लाक के ब्लाक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट तथा संस्थान के प्रबंधक लोकेश तिवारी व प्रधानाचार्य विनोद कुमार ने संयुक्त रुप से दीप जलाकर वार्षिकोत्सव समारोह का शुभारंभ किया। इसके पश्चात स्वागत गीत पेश किया जबकि अतिथिगणों का स्वागत छोटे छोटे विद्यार्थियों ने कई रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर किया।

इस मौके पर सरस्वती वंदना, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ ही देश भक्ति पर आधारित कार्यक्रमों को बच्चों ने पेश किया। समारोह में ब्लॉक प्रमुख ने विद्यालय में आने वाले मार्ग के लिए 6 लाख रुपएं देने की घोषणा



की। कहा कि शीघ्र ही मार्ग का निर्माण कार्य किया जाएगा जिनकी सभी लोगों ने सराहना की।

इस मौके पर ब्लाक प्रमुख डा.बिष्ट ने मौजूद बच्चों के साथ ही अभिभावकों को कई जरुर टिप्स दिए। समारोह में वर्ष भर उत्कृष्ट कार्य करने वाले छात्र- छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रधान पूरन भट्ट, हेमा आर्य, नितेश बिष्ट, अनिता आर्य, शरद पांडे, पूर्व ग्राम प्रधान हरीश पांडे, कमल कुल्याल, धीरेंद्र जीना, दुर्गा दत्त पलडिया तथा शिक्षिका सुनीता तिवारी के साथ ही योगेंद्र कुमार, राजू फ ुलारा, पूनम, नेहा, कल्पना, तनुजा, काजल तथा अन्य शिक्षक और अभिभावक उपस्थित रहे।

## शालीमार पेंट्स अपने नए प्रचार अपग्रेड किया क्या को लॉन्च करने को तैयार

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

शालीमार पेंट्स लिमिटेड अब अपने जीवंत नए प्रचार अपग्रेड किया क्या को लॉन्च करने के लिए तैयार है। इस पहल का उद्दीपन परिवर्तन की दृष्टि को बोधित करता है।

इस प्रचार में कई उत्पादों की पेशकश की जाती है, जिसमें हीरो सुपर प्रीमियम 5 इन 1 इंटीरियर इमल्शन, केयरवुड वुडकोटिंग्स - मेलामाइन और 1के पीयू, मैजिक ब्रशेस और रोलर्स रेंज, और सुपरलैक इनैमल - पीयू सैटिन शामिल हैं। जीरो वोसी, सक्रिय स्टेन गार्ड प्रौद्योगिकी, एंटी-वायरल डिफेंस, सच्ची टोन प्रौद्योगिकी, और श्रेष्ठ-इन-क्लास वॉशेबिलिटी जैसी अनोखी विशेषताओं के साथ, हीरो 5 इन 1 नवीनतम बाजार की वृद्धि है, जो एक सस्ते मूल्य पर अमूर्त प्रोडक्ट गुणवत्ता, विशेषताएं और प्रदर्शन प्रदान करता है। इस उत्पाद को अधिकतम एंटी-वायरल डिफेंस और गैर-साइटोटॉक्सिक गुणों के साथ प्रमाणित किया गया है। कुलदीप रैना, निदेशक-बिक्री और विपणी, शालीमार पेंट्स ने कहा, आज की तेजी से बदलती दुनिया में, अपग्रेड के लिए उत्साह सामग्री से परे होता है। पहल अपग्रेड किया क्या के साथ, हम अपने उपभोक्ताओं को यह चुनौती देते हैं कि वे अपने घरों को हीरो 5 इन 1 पेंट के साथ अपग्रेड करें, जो एक असाधारण उत्पाद गुणवत्ता और विशेषताओं को एक अविश्वसनीय मूल्य पर प्रदान करता है।

# अभिमत

## उपलब्धियों पर भरोसा

*पिछले दस साल में देशभर में बनीं सड़कें, हवाई अड्डों का विस्तार, अस्पताल, मेडिकल कालेज और तेज गति की ट्रेन तथा रेलवे स्टेशनों में सुधार किसी से छिपा नहीं है। केन्द्र सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि कोरोना महामारी के प्रकोप के कारण लॉकडाउन से दुनिया के कई देशों की अर्थव्यवस्था पटरी से उतर गई। भारत ने अर्थव्यवस्था को संभाला और दुनिया की पांचवीं अर्थव्यवस्था का देश बन गया है। बजट में यह घोषणा जरूर की गई है कि नये मेडिकल कालेज तथा अस्पताल खोलकर जनता के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। यह काम लोकसभा चुनाव में जीतकर तीसरी बार सत्तारूढ़ होने पर भाजपा सरकार करेगी। सोलर पैनल से बिजली संकट को दूर किया जायेगा। सोलर विद्युत दूरगामी निर्णय है और विश्व के अन्य देश भी इसको प्राथमिकता दे रहे हैं।*

चुनावी घोषणा पत्र में पक्ष और विपक्ष लोकलुभावन घोषणाएं करके वोट पाने का प्रयास करते हैं। निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव का कार्यक्रम घोषित करने के बाद राजनीतिक दल घोषणा पत्र जारी करेंगे। केन्द्र सरकार ने अंतरिम बजट पेश करने में बड़ी सतर्कता बरतते हुए कुछ नया देने की बात नहीं की। आयकर दरों में बदलाव अथवा और कोई छूट नहीं दी। केन्द्रीय वित्त मंत्री ने अपने भाषण में सरकार की उपलब्धियां गिनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। विपक्ष यदि इसे अपने मुंह मियां मिट्ठू बनने वाली बात कहे तो सरासर गलत होगा। वर्ष 2014 से केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत की सरकार है। हर तरह का निर्णय लेने में परेशानी नहीं है। गठबंधन की सरकार में घटक दलों की नाराजगी के डर से चाह कर भी कुछ काम नहीं किये जाते हैं। यह मजबूरी अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार के सामने थी। प्रधानमंत्री मोदी ने कई क्रांतिकारी और दूरगामी फैसले किये। दस साल के शासन के बाद वोट मांगते समय जनता के सामने रिपोर्ट कार्ड पेश करने की जरूरत है। अंतरिम बजट एक तरह से सरकार का रिपोर्ट कार्ड है। लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद भाजपा संकल्प पत्र के नाम से तीसरी बार सत्ता मिलने पर किये जाने वाले कार्य और योजनाओं से जनता को अवगत करायेगी। भविष्य में किये जाने वाले कार्यों से ज्यादा महत्व पिछले दस साल की उपलब्धियों का होगा। सत्ता में काबिज पार्टी के सामने नकारात्मक संकेत यह होता है कि कुछ लोगों की अपेक्षाएं पूरी नहीं होतीं और वह बदलाव चाहते हैं। कई बार इसका फायदा विपक्ष को मिलता है। इसलिए केन्द्रीय वित्तमंत्री ने दस साल में किये कार्यों को याद दिलाने पर भरोसा किया। फिलहाल विपक्ष के पास वायदों के अलावा कुछ भी नहीं है। विपक्ष का एक ही फार्मूला है कि सरकार के हर काम का विरोध किया जाये। चाहे कोई भी पार्टी विपक्ष में हो, बजट में कमियां निकालना और विकास विरोधी बताना रिवाज बन गया है। पिछले दस साल में देशभर में बनीं सड़कें, हवाई अड्डों का विस्तार, अस्पताल, मेडिकल कालेज और तेज गति की ट्रेन तथा रेलवे स्टेशनों में सुधार किसी से छिपा नहीं है। केन्द्र सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि कोरोना महामारी के प्रकोप के कारण लॉकडाउन से दुनिया के कई देशों की अर्थव्यवस्था पटरी से उतर गई। भारत ने अर्थव्यवस्था को संभाला और दुनिया की पांचवीं अर्थव्यवस्था का देश बन गया है। बजट में यह घोषणा जरूर की गई है कि नये मेडिकल कालेज तथा अस्पताल खोलकर जनता के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। यह काम लोकसभा चुनाव में जीतकर तीसरी बार सत्तारूढ़ होने पर भाजपा सरकार करेगी। सोलर पैनल से बिजली संकट को दूर किया जायेगा। सोलर विद्युत दूरगामी निर्णय है और विश्व के अन्य देश भी इसको प्राथमिकता दे रहे हैं।

# रुद्रपुर में सामूहिक विवाह, 41 जोड़ों ने लिए सात फेरे

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**



रविवार को ट्रांजिट कैंप के फुटबॉल मैदान में लघु उद्योग व्यापार मंडल से हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सातवां सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसमें 41 वर वधू वैवाहिक बंधन में बंधे। सभी को विभिन्न संगठनों से जुड़े अतिथियों ने सुखमय वैवाहिक जीवन का आर्शीवाद दिया। इससे पूर्व गल्ला मंडी में सभी वरों के परिजनों ने सेहरा बांधने की रस्म अदा की गई। इसके बाद बैंड बाजे के साथ धूमधाम से बारात मुख्य बाजार, डीडी चौक, किच्छा बाईपास रोड,ट्रांजिट कैंप मार्ग होते हुए आयोजन स्थल पहुंची। यहां रीति रिवाज से सभी वरों का रीति रिवाज के अनुसार उनके ससुराल पक्ष एवं आयोजकों ने स्वागत किया। गायत्री परिवार द्वारा मंत्रेचारण के साथ सभी वर वधूओं का विवाह संपन्न कराया गया।

इस मौके पर संत महापुरुषों समेत विभिन्न संगठनों से जुड़े अतिथियों ने वर वधू को सुखमय दाम्पत्य वैवाहिक जीवन का आर्शीवाद दिया। सर्व व्यवस्था प्रमुख भारत भूषण चुघ, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, चंदन अग्रवाल, कीमती लाल घई, सतीश जैन, नरेन्द्र बंसल, गजानन्द बंसल,अर्जुन गुप्ता, नितेश गुप्ता, सुशील अग्रवाल, प्रदीप गोयल, राम चन्द्र शर्मा आदि शामिल थे। वैवाहिक समारोह में भोजन की व्यवस्था भी की गई थी। सभी वरों को जन सहयोग से प्राप्त उपहार भी भेंट किए गए।आयोजन स्थल पर भजन संध्या का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया था। चुघ ने बताया कि लघु उद्योग व्यापार मंडल ट्रांजिट कैंप द्वारा प्रतिवर्ष ऐसे जोड़ों का विवाह कराया जाता है जो आर्थिक रूप से कमजोर होते हैं। सामूहिक विवाह में कई संस्थाओ ने अपना सहयोग दिया। संस्था के सर्व व्यवस्था प्रमुऽ भारत भूषण चुघ, संरक्षक दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता,संयोजक संजीव गुप्ता, मनोज गुप्ता,अमित राठौर, सुरेंद्र गुप्ता, राज कोली,शिवकुमार शिब्बू, सनी पासवान, राजीव कुमार ने भी अपना सहयोग दिया।

**कार्यक्रम**

- ट्रांजिट कैंप के फुटबॉल मैदान में हुआ कार्यक्रम

## प्रदीप अध्यक्ष, सोनू पशु चिकित्सा फार्मासिस्ट संघ की महासचिव


**अल्मोड़ा।** वेटरनरी फार्मासिस्ट एसोसिएशन का बेस अस्पताल स्थित फार्मेसी सदन में द्विवार्षिक अधिवेशन आयोजित हुआ। इस दौरान कार्यकारिणी के चुनाव हुए।

प्रदीप तिवारी एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष और सोनू सती परगई जिला महासचिव चुनी गईं। रविवार को हुए चुनाव में प्रदीप आर्या को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, रवींद्र पांगती को उपाध्यक्ष, महेश आर्या को संगठन मंत्री, देवेंद्र नेगी को संयुक्त मंत्री, वंदना आर्या को कोषाध्यक्ष, गीता आर्या को संप्रेक्षक चुने गए। पूरन चंद्र बिष्ट को संरक्षक चुना गया। सभी पदाधिकारियों ने संगठन हित में काम कर फार्मासिस्ट के हितों की लड़ाई मजबूती से लड़ने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक मनोज तिवारी रहे। फार्मासिस्ट ने फार्मेसी सदन की छत के सुधारीकरण की मांग की। विधायक तिवारी ने समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। डिप्लोमा फार्मासिस्ट संघ के जिलाध्यक्ष डीके जोशी, महामंत्री रजनीश जोशी के निर्देशन में चुनाव हुआ।

# शांतिकुंज के कार्यकर्ता से नौकरी के नाम पर साढ़े तीन लाख की ठगी

**हरिद्वार/देहरादून**

**हमारे संवाददाता**






शांतिकुंज में कार्यकर्ता के तौर पर सेवा करने वाले व्यक्ति को साले की नौकरी कनाडा में लगवाने का झांसा देकर साढ़े तीन लाख की रकम हड़प लेने का मामला सामने आया है। रकम वापस मांगने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी गई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर ऋषिकेश में ट्रस्ट चलाने वाले आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, रमेश कुमार शास्त्री निवासी 12 भगीरथ भवन शांतिकुंज ने शिकायत देकर बताया कि वह अपने साले की नौकरी लगवाने के लिए परिचितों से संपर्क कर रहे थे। तभी शांतिकुंज में आने वाले ओमप्रकाश भट्ट निवासी-103/ए-17 गंगा आश्रम माया कुंड ऋषिकेश उनके पास आया। उसने कहा, वह ओम एजुकेशनल एंड डेवलपमेंट ट्रस्ट चलाता है और उसकी कनाडा में अच्छी जान-पहचान है। नौकरी लगवाने के नाम पर उसने साढ़े तीन लाख मांगे। 25 अक्तूबर 2022 से 9 जून 2023 तक दो लाख 11 हजार 1100 रुपये की रकम बैंक खाते में ट्रांसफर कर दी।

आरोप है कि बाद में शांतिकुंज आकर नकद रकम लेता रहा। कुल करीब साढ़े तीन लाख लेने के बाद बाद वह जल्द ही वीजा बनवाकर नौकरी लगवाने का आश्वासन देता रहा। फोन पर संपर्क करने पर नंबर ही बंद कर दिया। दोबारा रकम मांगने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी। उसने फिर बीते 15 नवंबर को श्रीनगर गढ़वाल में पैसे देने के लिए बुलाया, जहां पहुंचने के बाद वह नहीं मिला और नंबर बंद कर लिया। कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि आरोपी ओमप्रकाश भट्ट के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# फिल्मी दुनिया

## जब इरफान से पहली बार मिले थे विक्रांत किस्सा भी साझा किया





*साल 2023 में आई 12वीं फेल फिल्म ने अभिनेता विक्रांत मैसी के करियर को एक नया मोड़ दिया है। फिल्म ने न सिर्फ बॉक्स ऑफिस पर जबर्दस्त कमाई की बल्कि हर वर्ग के दर्शकों से इसे प्यार और सराहना मिली। फिल्म में अपने किरदार के लिए विक्रांत ने फिल्मफेयर अवार्ड भी जीता। हालांकि, अभिनेता के लिए यह सफर आसान नहीं था। कई वर्षों तक छोटे पर्दे पर काम करने के बाद विक्रांत ने फिल्मों में छोटी भूमिकाएं करनी शुरू की थी। इसके बाद साल 2017 में उन्हें ए डेथ इन द गंज फिल्म मिली, जो उनके करियर में एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुई। एक साक्षात्कार में विक्रांत ने खुलासा किया कि वे दिग्गज दिवंगत अभिनेता इरफान खान के साथ भी काम करने वाले थे। इस दौरान विक्रांत ने इरफान खान से अपनी पहली मुलाकात का किस्सा भी साझा किया। विक्रांत ने बताया, इरफान साहब से मैंने अपनी बिल्डिंग की लिफ्ट में मिला था। मेरे घर के ऊपर एक थिएटर एक्टर रहते हैं, जो उनके अच्छे दोस्त हैं। वो उनके घर आए थे और मैं गाड़ी से कुछ सामान लेने जा रहा था। ऊपर से लिफ्ट नीचे आई और जब उसका दरवाजा खुला तो मैंने इरफान साहब को देखा, मैंने बता नहीं सकता कि मैंने क्या महसूस किया था।*

### सब कुछ रुक गया

*12वीं फेल अभिनेता ने इरफान खान के साथ काम करने का किस्सा भी साझा किया। विक्रांत ने बताया कि उन्होंने इरफान के साथ एक फिल्म करने वाले थे। विक्रांत ने बताया, विशाल भारद्वाज सपना दीदी नाम से एक फिल्म बना रहे थे। उसमें दीपिका पादुकोण और इरफान साहब थे। फिल्म में मेरा भी एक रोल था। दीपिका और मैं लुक टेस्ट दे रहे थे और वह इरफान साहब मुख्य भूमिका में थे। हम अगले दिन उनसे मिलने वाले थे लेकिन जब अगले दिन मैं सो के उठा, तब तक उनके कैंसर की खबर सामने आ चुकी थी। इसके बाद सब कुछ रुक गया।*

# मंजू ने कवि सम्मेलन में प्रतिभाग कर विश्व रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराया

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

दुनिया के सबसे बड़े कवि सम्मेलन में प्रतिभाग कर विश्व रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज करवा कर शहर की कलमकारा मंजू जोशी ने शहर का मान बढ़ाया है।

बुलंदी संस्था द्वारा विश्व हिंदी दिवस से प्रारंभ हिंदी की वैश्विक यात्रा बुलंदी पर हिंदी अनवरत कवि सम्मेलन को हॉवर्ड वर्ल्ड रिकॉर्ड द्वारा विश्व रिकॉर्ड में सम्मिलित किया गया है। इस कार्यक्रम में दुनिया के 55 देशों के हिंदी कवियों सहित 1205 कलमकारों ने प्रतिभाग किया, साथ ही यह आयोजन 220 घंटे अनवरत आयोजित हुआ द्य हॉवर्ड वर्ल्ड रिकॉर्ड द्वारा सबसे ज्यादा देशों की सहभागिता सहित अनवरत 220 घंटे आयोजित होने पर यह आयोजन विश्व रिकॉर्ड में सम्मिलित किया गया है।

संस्था के संस्थापक अंतरराष्ट्रीय कवि बादल बाजपुरी एवं संरक्षक कवि पंकज प्रकाश ने काव्य पाठ हेतु हल्द्वानी से मंजू को आमंत्रित किया था। बुलंदी संस्था वर्ष 2021 और 2022 में 207 घंटे और 400 घंटे अनवरत वर्चुअल कवि सम्मेलन आयोजित करवाकर तीन बार विश्व वर्ल्ड रिकॉर्ड बना चुकी है। इसे वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी दर्ज किया गया।



## News कॉर्नर

### स्कूल खोलने की इजाजत भी नहीं मिली

**हल्द्वानी।** कर्फ्यू में ढील के बावजूद वनभूलपुरा क्षेत्र के स्कूलों को खोलने की अनुमति प्रशासन ने नहीं दी है जिस कारण से बच्चों का भविष्य अंधकारमय नजर आ रहा है। उत्तराखंड बोर्ड की हाईस्कूल और इंटर की परीक्षाएं 27 फरवरी से होनी है, ऐसे में स्कूल नहीं खुलने से बच्चे अपने भविष्य को लेकर चिंतित नजर आ रहे हैं।

### क्षेत्र के अधिवक्ता भी नहीं निकल पा रहे

**हल्द्वानी।** वनभूलपुरा क्षेत्र में करीब दो से ढाई सौ अधिवक्ता हैं। पाबंदियों की वजह से भी उन्हें परेशानियों से दोचार होना पड़ रहा है। कई अधिवक्ता तहसील व अन्य स्थलों पर कार्य कर रहे हैं लेकिन उनके भी क्षेत्र से बाहर जाने पर बैन लगा हुआ है। जिस कारण से वह भी अपने कार्यक्षेत्र में नहीं पहुंच पा रहे हैं। प्रशासन की ओर से अधिवक्ताओं के लिएकिसी तरह की पास की व्यवस्था नहीं की गई है।

### बाइक चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**हल्द्वानी।** एक युवक ने दुर्घटना के आरोपी बाइक चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। बबियाड़ धारी निवासी ललित मोहन पुत्र स्व. मनीराम ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि कि 29 जनवरी की शाम को उसके पिता ठंडी सड़क की ओर जा रहे थे। तभी बाइक ने तेजी से आते हुए उसके पिता को टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें बेस अस्पताल ले जाया गया लेकिन उनकी हालत को नाजुक देखते हुए उन्हें कृष्णा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया जहां अगले दिन उनकी मौत हो गई। ललित मोहन ने दुर्घटना के आरोपी बाइक चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# बनभूलपुरा प्रकरण की सीबीआइ या हाइकोर्ट सीटिंग जज से जांच हो:अब्दुल मतीन

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

समाजवादी पार्टी के उत्तराखण्ड प्रभारी हाजी अब्दुल मतीन सिद्दीक़ी ने हल्द्वानी 8 फरवरी को मलिक के बगीचे में हुई घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि हल्द्वानी वासियों के साथ-साथ हमारे लिये यह सबसे दुर्भाग्य पूर्ण घड़ी है कि हमें अपनी हल्द्वानी में अपनी ज़िन्दगी में इस तरह की घटना देखना पड़ी। उन्होंने कहा इस घटना की जितनी भी निंदा की जाये कम है। उन्होंने कहा इस प्रकरण की सीबीआइ या हाई कोर्ट के सीटिंग जज के द्वारा जांच होनी चाहिये। इस प्रकरण में जो भी दोषी हों उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही होनी चाहिये। उनके भाई जावेद सिद्दीक़ी के इस प्रकरण में शामिल होने के प्रशन पर उन्होंने कहा कि जावेद सिद्दीक़ी ने ऐसा कोई कार्य नहीं किया है जिससे शहर का माहौल ख़राब हो। उसने बार-बार लोगों से शान्ति बनाने की अपील की लेकिन भीड़ इतनी उग्र हो चुकी थी कि वह किसी की बात सुनने को तैयार नहीं थी।वैसे भी अगले दिन रात को जब पुलिस जावेद की गिरफ़्तारी के लिए आई थी ।तब भी उसने फ़ोन पर मुझसे रो-रो कर अपने बच्चों की व मेरी क़समें खा-खा कर यही कह रहा था। मैं तो लोगों को पत्थर बाज़ी व हुड़दंग से रोक रहा था। यह मुझे ही क्यों पकड़ने आये है लेकिन फिर भी प्रशासन ने पता नहीं किन हालातों या किन फुटेजों के आधार पर उसकी गिरफ़्तारी की है । एक बार इसकी बारीकी से निष्पक्ष जाँच हो जाये उसके बाद जो भी दोषी हों उनके ख़िलाफ़ सख़्त से सख़्त कार्यवाही होनी ही चाहिये।साथ ही जिन लोगों ने इस घटना में अपने प्राण त्याग दिये है।उनको अल्लाह ताला जन्नतुल फ़िरदोस में आला मक़ाम अता फ़रमाए और उनके परिवार को इस दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करे। साथ ही जो भी पुलिस अधिकारी, कर्मचारी, या निगम कर्मचारी व जनता के जो भी लोग घायल हुए हैं। उनके शीघ्र स्वस्थ होने की हम कामना व प्रार्थना करते है। हल्द्वानी में कई बार लोगों ने माहोल ख़राब करने की कोशिश की लेकिन यहाँ के सभ्रांत व्यक्तियों व लोगों की दुआओं से हमेशा यहाँ का माहोल शांत कराने में सफल रहे हैं। हम लोगों ने कभी सपने में भी कल्पना नहीं की थी।



### किसी निर्दोष को सजा और हमें शर्मिंदिगी ना उठानी पड़े

इस प्रकरण के चलते स्थगित करना पड़ा । इसी लिये मेरी सभी पत्रकार साथियों से और ज़िला व स्थानीय प्रशासन से हाथ जोड़ कर विनती है। कि एक बार इस प्रकरण की दुबारा बारीकी से जांच कराने की कृपा करें। जिससे किसी निर्दोष को सजा के साथ-साथ शर्मिंदिगी ना उठानी पड़े। वैसे भी पूरा शहर मेरे बच्चों व मेरे परिवार को भली भाँति जानता है। हमने अपने बच्चों व परिवार को इसमें के संस्कार कभी नहीं दिये। हम लोगों ने हमेशा हर जगह आपसी भाईचारा बड़ाने व आपस में प्यार मोहब्बत से रहने का पैग़ाम ही दिया। और प्रयास भी किया है।

# कर्फ्यू में 17 घंटे की ढील, पुलिस व पैरा मिलिट्री फोर्स का कड़ा पहरा बरकरार

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

बनभूलपुरा क्षेत्र में प्रशासन ने कर्फ्यू में और ढील दी है। कर्फ्यू अब केवल रात 10 बजे से सुबह पांच बजे तक ही रहेगा। जिला अधिकारी वंदना सिंह ने रविवार को जारी आदेश के अनुसार, अब बनभूलपुरा में कर्फ्यू में सुबह पांच बजे से रात 10 बजे तक 17 घंटे की ढील दी जाएगी और अगला आदेश जारी किए जाने तक रात 10 बजे से सुबह पांच बजे तक रात्रि कर्फ्यू रहेगा। वहीं पुलिस ने बनभूलपुरा हिंसा में नामजद आरोपी एजाज कुरैशी की संपत्ति भी कुर्क कर ली है। आरोपी गोपाल मंदिर के पास नई बस्ती का रहने वाला है। वनभूलपुरा में हुई हिंसा में पुलिस अब तक 58 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। वहीं कर्फ्यू में अब ढील के बाद क्षेत्र के हालात सुधर रहे हैं। पुलिस और पैरा मिलिट्री फोर्स का कड़ा पहरा है और हर आने जाने संदिग्ध लोगों पर नजर रखी जा रही है। वहीं पुलिस हिंसा में शामिल दंगाइयों को पकड़ने के लिए सर्च ऑपरेशन भी चला रही है। वहीं प्रशासनिक अधिकारी भी क्षेत्र में नियमित भ्रमण कर स्थिति का जायजा ले रहे हैं।



### मजदूरों के सामने गहराया रोजी रोटी का संकट

हिंसाग्रस्त वनभूलपुरा क्षेत्र में प्रशासन ने कर्फ्यू में ढील तो दे दी है लेकिन लोगों को क्षेत्र से बाहर जाने की अनुमति नहीं मिल पा रही है जिस कारण से उनके समक्ष परेशानी खड़ी हो गई है। पाबंदी के कारण मजदूर तबका काम पर नहीं जा पा रहा है। जिससे रोटी का जुगाड़ करना भी मुश्किल हो गया है।

# रंजिशन हमला करने का आरोप, एक दूसरे के खिलाफ तहरीर दी

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

पुरानी रंजिश के चलते कुछ युवकों पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की गई है। पुलिस मामले क जांच जुट गई है।

गोविंदपुरा हल्द्वानी निवासी निर्मलजीत सिंह पुत्र स्व. भगत सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि ठंडी सड़क पर अमन अरोडा व वंश अरोडा की मोबाईल की दुकान है। किसी बात को लेकर इन दोनों का झगड़ा तुषार साह नामक युवक से हो गया। मामला किसी तरह से शांत करा दिया गया। आरोप है कि 16 फरवरी की सुबह अमन अरोरा और उसके साथी उसके घर में आ गए और उसे जान से मारने की धमकी देने लगे। पीड़ित ने जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। वहीं इस मामले में दूसरे पक्ष के अमन अरोरा पुत्र किशन लाल अरोरा मकरंदपुर गदरपुर निवासी आवास



विकास हल्द्वानी ने भी पुलिस को तहरीर दी है। तहरीर में कहा गया है कि उसके भाई विशाल उर्फ वंश अरोरा का डिंपल, उनके पुत्र एकस, गगनदीप, मानू और तुषार से विवाद हो गया था। जिसमें उक्त लोगों ने धारदार हथियार से हमला कर उन्हें घायल कर दिया। हमले में उनके चाचा भी चोटिल हो गए। पीड़ित ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

# लेक्स इंटरनेशनल स्कूल में बारहवीं के विद्यार्थियों को दी गई फेयरवेल



**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

लेक्स इंटरनेशनल स्कूल भीमताल में रंगारंग कार्यक्रम के साथ बारहवीं के विद्यार्थियों को फेयरवेलपार्टी दी गई। प्रात: काल वि द्यालय के प्रधानाचार्य एसएसनेगी द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

जिसके उपरांत कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों द्वारा सरस्वती वदंना, मार्डनर्ड डान्स और 'इक प्यार का नग्मा है' गीत के माध्यम से अपने वरिष्ठ साथियों के प्रति सम्मान और प्रेम व्यक्त किया गया। इसी क्रम मेंबारहवीं के छात्र साहि ल बोरा द्वारा गिटार में गीत, बारहवीं के छात्रों द्वारा ग्रुप डांस प्रस्तुत किया गया। विद्यालय के रसायन विज्ञान शिक्षक हिमांश बिष्ट द्वारा अपने विचारों के माध्यम से बारहवीं के विद्यार्थियों को शुभ कामनाएं प्रेषित की गई। कक्षा दस में विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बारहवीं के विद्यार्थी विशाल कुमार, बालिका वर्ग से आवृत्तिा सगंम, छात्रावास वर्ग से देवी सिंह शोडी और यवुराज सडाना द्वारा अपने विचार रखे गए।

कार्यक्रम के अतं में विद्यालय के प्रधानाचार्य एसएस नेगी द्वारा बारहवीं के सभी विद्यार्थियों को परीक्षा के लिए शुभकामनाएं देते हुए सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की गई और ग्यारहवीं के विद्यार्थियों द्वारा आयोजित किए गए सफल कार्यक्रम की प्रशंसा की। कार्यक्रम स्थल पर विद्यालय के सभी शिक्षक, कर्मचारी एवं अभिभावक उपस्थित थे। कार्यक्रम का सचांलन बारी-बारी सेदिशा पतं, दीपशि खा आगरी, वभैवी दुर्गापाल, प्रद्युम्न वर्मा , महिमा बिष्ट, निकिता बिष्ट आदि द्वारा किया गया।

### बाड़ेछीना के जंगल धधके

**अल्मोड़ा।** बाड़ेछीना के जंगल में शनिवार को आग लग गई। देखते ही देखते जंगल के एक हेक्टेयर से अधिक दायरे को अपनी चपेट में ले लिया। पूरे दिन जंगल सुलगते रहे। चीड़ के बड़े-पेड़ों से आग की लपटें उठती रहीं लेकिन जिम्मेदार घटना से अंजान रहे। कोई भी आग बुझाने मौके पर नहीं पहुंच सका। इस घटना में लाखों की वन संपदा जलकर खाक हो गई। देर रात पाला गिरने और तापमान कम होने से आग बुझी तो सभी ने राहत की सांस ली।

# दोस्त ने दोस्त से ही की दो लाख की ठगी, पुलिस से मदद की गुहार

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र एक ग्राहक सेवा केन्द्र स्वामी से उसके परिचित ने ही लाखों की धोखाधड़ी कर ली। पीड़ित ने पुलिस से मदद की गुहार लगाई।

ट्रांजिट कैंप की कृष्णा कालोनी निवासी विपिन रस्तोगी पुलिस को बताया कि उसने घर में ही रस्तोगी कम्यूनिकेशन एवं ग्राहक सेवा केन्द्र नाम से अपनी अजीविका हेतु दुकान संचालित कर रखी है। जिसमें ऑनलाइन कार्य एवं आधार कार्ड, फोन पे, गूगल पे से धनराशि निकालने/ट्रांसफर करने का भी कार्य करता है। बताया कि उसकी दुकान पर मोहल्ले का ही एक युवक अकसर आता जाता और उसके काम में सहयोग करता था।

परन्तु उसने उसके मोबाइल को कई बार मांग कर वर्ष 2020 से अब तक लगभग एक लाख तिरानवे हजार हजार रूपये का विभिन्न लोगों को ट्रांजेशन कर धनराशि निकाल ली। इस बात की जानकारी उसे हुयी तो उस युवक ने अपना गुनाह कबूल करते हुए निकाली धनराशि वापिस करने की बात कही। पीड़ित का आरोप है कि उस युवक ने पुन: उसके साथ विश्वासघात करते हुए धोखे में रखकर एक स्टाम्प पेपर पर मामले को रफा दफा लिखवाकर उससे हस्ताक्षर करवा लिये और उस युवक ने उसके साथ धोखाधड़ी एवं ठगी कर धनराशि हड़पने का प्रयास किया है। अब रुपए वापस मांगने पर वह जान से मारने की धमकी दे रहा है। पीड़ित ने पुलिस से मदद की गुहार लगाई। पुलिस ने बताया कि पुलिस जांच कर रही है।

# शेर का डांडा सत्संग समिति की नयी कार्यकारिणी गठित

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नैनीताल की प्रतिष्ठित संस्था नव सांस्कृतिक सत्संग समिति शेर का डांडा की रविवार को नयी कार्यकारिणी का चुनाव आयोजित किया गया।

चुनाव अधिकारियों क्रमश: राजेंद्र सिंह बोरा व दीप चौधरी के मार्गदर्शन में चुनाव संपन्न हुआ। इस दौरान आम सहमति से समिति के अध्यक्ष पद पर खुशाल सिंह रावत, सचिव पद पर पूरन चंद्र पांडे को पुन- निर्वाचित किया गया जबकि उपाध्यक्ष पद पर संतोष पंत, कोषाध्यक्ष पद पर विनोद सनवाल एवं उपसचिव पद पर डा. हिमांशु पांडे चुने गए जबकि सांस्कृतिक सचिव पद पर हिम्मत सिंह बिष्ट तथा संरक्षक के रूप मे महेश चंद्र तिवारी व सह कोषाध्यक्ष पद पर दीपक जोशी तथा सूचना एवं प्रचार मंत्री के रूप मे दीपक पांडे तथा सम्प्रेषक के पद पर ललित मोहन पांडे को सर्व सम्मति से मनोनीत किया गया।



इस मौके पर नव निर्वाचित अध्यक्ष खुशाल सिंह रावत एवं सचिव पूरन चंद्र पांडे ने सभी का आभार प्रकट किया।

संचालन करते हुए निवर्तमान सम्प्रेषक उमेश सनवाल द्वारा सभी पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण करायी गयी। इस अवसर पर वरिष्ठ सदस्य मोहन चंद्र जोशी, कुँवर सिंह रावत, वीरेंद्र जोशी, प्रकाश चंदोला, प्रकाश चंद्र पांडे, कंचन चंदोला, दिनेश जोशी सहित चंदन जोशी, उमेश सनवाल, राजेश जोशी, उर्बादत्त जोशी, नवीन चंदोला, चंद्र शेखर जोशी, गणेश लोहनी, ललित गिरी गोस्वामी, मनोज पांडे, इंद्र सिंह रावत, पूरन राम, पंकज वर्मा, भैरव सिंह बिष्ट तथा विक्की बड़ोला आदि उपस्थित थे।